II Semester B.B.A./B.H.M. Examination, May 2016
(CBCS) (F + R) (2014-2015 and Onwards)
LANGUAGE HINDI – II
Poetry, Vanijya Patra and Translation of Terminology

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या **एक** वाक्य में लिखिए। **(10×1=10)**

1) कबीर जी के अनुसार सत्‌गुरु न मिलने से क्या अधूरी रह जाती है ?

2) मीरा कौनसा चोला पहनकर झिरमिट खेलने जाती है ?

3) सन्ध्या-सुंदरी थके हुए जीवों को क्या पिलाती है ?

4) कवयित्री पलकों में क्या भर कर लाई है ?

5) दिनकर जी के अनुसार भारत दो द्विपों के बीच क्या रचता है ?

6) कौन क्षुदातुर, नग्न और वासविहीन हो रहे हैं ?

7) बच्चन जी मुसाफिर को कब तक चलने को कहते हैं ?

8) दिनकर जी की दृष्टि में भारत किसका वाचक है ?

9) छिपी हुई सूरतें कहाँ से उभरेंगी ?

10) ताजमहल कविता के कवि कौन हैं ?

II. अ) किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(2×6=12)**

1) जिहि घटि प्रीति न प्रेम रस फुनि रसना नहीं राम।
ते नर इस संसार में, उपजि षये बेकाम ।।

अथवा

2) कोई निंदो, कोई बिंदो, म्हे तो गुण गोविंद का गास्याँ।
जिण मारग म्हारा साध पधारै, उणमारग म्हें जास्याँ।
चोरी न करस्याँ, जीव न सतास्याँ, काँई बरसी म्हारो कोई
गज से उतर के खर नहिं चढ़ास्याँ, ये तो बात न होई।

P.T.O.

आ) 1) सूर्य ने हँसना भुलाया
चंद्रमा ने मुस्कुराना
और भूलि यामिनी भी
तारिकाओं को जगाना।

अथवा

2) चित्रित मैं हूँ रेखाक्रम,
मधुर राग तू मैं स्वर-संगम,
तू असीम मैं सीमा का भ्रम,
काया छाया में रहस्यमय।
प्रेयसी-प्रियतम का अभिनय क्या।

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ लिखिए : **(1×12=12)**

1) यात्रा और यात्री।

2) तुम मुझमें प्रिय फिर परिचय क्या ?

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : **(1×6=6)**

1) ताजमहल।

2) बेहतर दुनिया के लिए।

V. पत्र लिखिए (कोई **दो**) : **(2×10=20)**

1) अशोक प्रकाशन पुस्तक प्रकाशक तथा विक्रेता, नई सड़क, नई दिल्ली की ओर से व्यवस्थापक जनरल इन्श्योरेन्स कं. लि. मुंबई को जली हुई दुकान की क्षतिपूर्ति (हानी) के लिए एक पत्र लिखिए।

2) महावीर ट्रेड़िंग कंपनी, कालाबा देवी रोड़ मुंबई द्वारा एजेन्सी की माँग करते हुए पूनम् प्लास्टिक इण्ड्स्ट्रीज, पुणे – 04 को एक एजेन्सी पत्र लिखिए।

3) खोए हुए चैक का भुगतान रोकने का अनुरोध करते हुए शाखा प्रबन्धक विजया बैंक राम-मंदिर रोड़, राजाजीनगर को एक पत्र लिखिए।

VI. निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी अनुवाद कीजिए : (10×1=10)

1) Approval
2) Black Market
3) Dealings
4) Installment
5) Legal action
6) Sanction
7) Travelling allowance
8) Wholesale
9) Financial year
10) Public sector.